@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 05 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 260 Pages 04 | ₹3.00

# 'YOUTH & WOMEN ARE RAJASTHAN'S GREATEST STRENGTH'

# CM BHJANLAL SHARMA RALLIES VOLUNTEERS FOR VIKSIT RAJASTHAN MISSION

HEMRAJ TIKAMCHAND
FAIR REPORT

**Jaipur:** Chief Minister Bhajanlal Sharma on Thursday underscored the pivotal role of youth and women in shaping Rajasthan's future, calling them the state's "greatest strength" while urging them to actively participate in spreading awareness about government welfare schemes and driving social transformation.





Addressing a large gathering of Sambal Sakhis and My Bharat Volunteers at the Chief Minister's Residence, Sharma said the state government is working with unwavering commitment to realise Prime Minister Narendra Modi's vision of a "Viksit Bharat" and "Viksit Rajasthan." The interaction witnessed enthusiastic participation from volunteers and women representatives, who expressed gratitude to the Chief Minister for various welfare initiatives aimed at empowering communities across the state.

Highlighting the importance of grassroots engagement, Sharma said government schemes can achieve their true impact only when their benefits reach every eligible citizen. He called upon the volunteers to act as a bridge between the administration and the public, ensuring that information about welfare programmes reaches even the most remote sections of society.

"The youth and women of Rajasthan possess immense potential. Their active involvement in public welfare initiatives and social awareness campaigns will accelerate the state's journey towards becoming a leading state in the country," the Chief Minister said. Officials present at the event noted that Sambal Sakhis and My Bharat Volunteers have emerged as important partners in community outreach, helping disseminate information related to social welfare, health, education, and citizen-centric government programmes.

The interaction also reflected the state government's broader focus on citizen participation as a key pillar of governance. By mobilising youth and women at the grassroots level, the Rajasthan government aims to strengthen public engagement, improve scheme delivery, and create a more inclusive development model.

With thousands of volunteers actively contributing across districts, the administration sees community-led participation as a powerful force in advancing Rajasthan's development agenda and achieving long-term socio-economic progress.

## RAJYA SABHA RACE GAINS MOMENTUM:

## CM BHJANLAL SHARMA FELICITATES BJP NOMINEES SATISH POONIA, ALKA GURJAR

FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma on Thursday extended his congratulations to BJP's Rajya Sabha nominees, Dr. Satish Poonia and Dr. Alka Gurjar, expressing confidence that their experience and commitment to public service would strengthen Rajasthan's voice in Parliament.



Soon after the Bharatiya Janata Party announced its candidates for the Rajya Sabha from Rajasthan, both leaders paid a courtesy visit to the Chief Minister at his official residence in Jaipur. In a warm gesture, Sharma welcomed the nominees and offered them sweets, conveying his best wishes for their new political responsibility.

Speaking on the occasion, the Chief Minister said that both leaders bring with them rich organisational experience, a strong record of public service, and unwavering dedication to national interest. He noted that their presence in the Upper House would provide a powerful platform for articulating the aspirations of Rajasthan and contributing meaningfully to national policymaking.

Political observers view the nominations as a significant move by the BJP, reflecting the party's emphasis on experienced leadership and grassroots connect. Dr. Poonia, a prominent party leader in Rajasthan, and Dr. Gurjar, known for her organisational and social outreach work, are expected to play key roles in advancing issues concerning the state at the national level.

Parliamentary Affairs Minister Jogaram Patel was also present during the meeting.

The interaction underscored the BJP leadership's confidence in its nominees as the party prepares to strengthen its representation and influence in the Rajya Sabha.

## INDIA-UK TIES HIT NEW HIGH: MODI, COOPER REAFFIRM VISION 2035 FOR A STRONGER GLOBAL PARTNERSHIP

FAIR REPORT

**New Delhi:** India and the United Kingdom have reaffirmed their commitment to deepening strategic cooperation, with Prime Minister Narendra Modi and UK Foreign Secretary Yvette Cooper highlighting the remarkable progress achieved in bilateral relations and expressing confidence in a future marked by greater economic growth, innovation, and global collaboration.



During the meeting, Prime Minister Modi said he was pleased to meet the UK Foreign Secretary and appreciated the strengthening of the India-UK partnership in recent years. The discussions focused on expanding cooperation across trade, investment, technology, education, defence, climate action, and people-to-people ties.

Officials described the engagement as another significant step in the evolving relationship between the two nations, which has witnessed unprecedented momentum through enhanced economic engagement and growing strategic convergence on key international issues.

A central theme of the talks was the India-UK Vision 2035, the long-term roadmap designed to elevate bilateral ties across multiple sectors. Both sides underscored the importance of the framework in unlocking new opportunities for businesses, fostering innovation, creating jobs, and addressing shared global challenges.

The leaders also emphasized their commitment to working together for global peace, sustainable development, and prosperity, reflecting the increasingly influential role of India and the UK on the world stage. Diplomatic observers view the meeting as a clear signal that New Delhi and London are determined to build on recent gains and transform their partnership into one of the defining strategic relationships of the coming decade. As geopolitical and economic landscapes continue to evolve, the India-UK partnership appears poised to emerge stronger, broader, and more consequential than ever before.

## PM MODI TO UNVEIL LANDMARK INFRASTRUCTURE AND HEALTHCARE PROJECTS IN DAMAN

FAIR REPORT

**Daman:** In a major push towards infrastructure development, healthcare expansion, and educational growth, Prime Minister Narendra Modi is set to inaugurate and lay the foundation stones for several transformative projects in Daman, marking a significant milestone in the Union Territory's development journey.

Among the key projects slated for inauguration is the state-of-the-art new terminal building at Daman Airport, a move expected to substantially improve regional air connectivity, boost tourism, and facilitate faster business travel. The enhanced aviation infrastructure is seen as a strategic step towards integrating Daman more closely with major economic centres across the country.

Another flagship project is the inauguration of the Namo Hospital, which is expected to strengthen healthcare delivery in the region. Equipped with modern medical facilities and advanced treatment capabilities, the hospital aims to provide quality healthcare services to residents while reducing dependence on medical facilities outside the Union Territory. The Prime Minister will also lay the foundation stone for the ambitious Daman Convention Centre, envisioned as a premier venue for national and international conferences, exhibitions, and cultural events. Officials believe the project will enhance Daman's profile as a destination for business tourism and large-scale gatherings. Adding further momentum to the region's educational landscape, the foundation stone for a new National Institute of Fashion Technology (NIFT) campus will also be laid.

## CM REVIEWS GROUND-LEVEL DEVELOPMENT PUSH, CALLS FOR STRONGER PUBLIC PARTICIPATION IN WATER & GREEN CAMPAIGNS

FAIR REPORT

**Jaipur**: Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma on Thursday held a series of discussions with legislators at the Chief Minister's Residence, focusing on the progress of key development projects, infrastructure expansion, and public welfare initiatives across the state.

MLAs Pushpendra Singh, Shatrughan Gautam, Laxman Ram Kalru, and Chhagan Singh Rajpurohit met the Chief Minister and briefed him on the status of various development works and ongoing projects in their respective constituencies.

During the meeting, Sharma reviewed the progress of the state government's flagship Vande Ganga Water Conservation Public Campaign and deliberated on strategies to ensure the success of the Hariyalo Rajasthan Campaign through greater public participation. The Chief Minister emphasized the importance of community involvement in environmental conservation and sustainable development initiatives, describing public engagement as a key driver of long-term success.

The discussions also covered regional development priorities, including the expansion of basic infrastructure, civic amenities, and measures aimed at improving the quality of life for citizens. Sharma sought feedback from the legislators on local challenges and directed continued focus on the timely implementation of public welfare projects.

The MLAs, in turn, apprised the Chief Minister of the progress of various developmental schemes and infrastructure works underway in their constituencies, highlighting achievements as well as areas requiring further intervention.

The meeting reflected the state government's emphasis on continuous coordination with public representatives to monitor development outcomes and accelerate the delivery of citizen-centric governance across Rajasthan. As the administration intensifies its focus on water conservation and environmental sustainability, such reviews are expected to play a crucial role in shaping policy execution at the grassroots level.



## गंभीरी नदी में महा स्वच्छता अभियान, आज होगा वंदे गंगा अभियान का जिला स्तरीय समापन

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता, पौधारोपण और ई-वेस्ट संग्रहण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश; आज निकलेगी 'रन फॉर क्लाइमेट' रैली

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिलेभर में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जिला पर्यावरण समिति और नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रोडवेज बस स्टैंड के समीप गंभीरी नदी पर महा स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं शुक्रवार को सेमलपुरा स्थित हथनी औदी पौधशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 का जिला स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को आयोजित स्वच्छता अभियान की शुरुआत अधिकारियों, नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण की शपथ के साथ हुई। इसके बाद नदी के दोनों किनारों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा, ठोस अपशिष्ट और अन्य अवांछित सामग्री हटाई गई। श्रमदान के माध्यम से क्षेत्र को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद के सफाईकर्मियों को उनके योगदान के लिए सेनेटेशन किट वितरित की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण के लिए पौधों का वितरण भी किया गया।इसके बाद राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार में सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर सेमिनार आयोजित किया गया तथा विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के तहत जिलेभर में 3 से 5 जून तक ई-वेस्ट संग्रहण अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को पुराने और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं महारानी पद्मिनी मॉल में आयोजित ईको प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, पुनर्चक्रण और सतत विकास से जुड़े मॉडल, उत्पाद एवं नवाचार प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी 5 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार बौरासी ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, ई-वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का निर्माण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अभियान के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार बौरासी, सहायक उपवन संरक्षक भावना शर्मा, नगर परिषद के सहायक अभियंता सतीश चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### आज होगा वंदे गंगा अभियान का समापन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेमलपुरा स्थित हथनी औदी पौधशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 का जिला स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तुलसी पौध वितरण, प्रशस्ति पत्र वितरण, वंदे गंगा संकल्प, पौधशाला में पौधों की ग्रेडिंग एवं साफ-सफाई तथा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे।इसके साथ ही जिला कलेक्ट्रेट परिसर से 'रन फॉर क्लाइमेट' रैली भी निकाली जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और उद्योगों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप, कपड़े के थैले तथा पौधारोपण के लिए पौधे वितरित किए जाएंगे। वन विभाग ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण के इस जन अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## ताला तोड़ किराना दुकान से 60 हजार रुपए चोरी, पास की फर्टिलाइजर दुकान भी चोरों के निशाने पर

# सेतु मार्ग पर देर रात वारदात; सब्बल छोड़कर फरार हुए बदमाश, व्यापारियों ने बढ़ाई रात्रि गश्त की मांग

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सेतु मार्ग स्थित एक किराना दुकान में मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 60 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गल्ले में रखी राशि लेकर फरार हो गए। वहीं, कुछ दूरी पर स्थित एक फर्टिलाइजर दुकान के ताले भी टूटे मिले हैं, जिससे क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सेंती निवासी प्रमोद चौरड़िया मंगलवार रात करीब 10 बजे रोजाना की तरह अपनी किराना दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर दुकान के ताले टूटे होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर दुकान का मुख्य ताला टूटा मिला। चोरों ने दुकान में प्रवेश करने के बाद सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के गेट को भी उखाड़कर नीचे फेंक दिया और सीधे गल्ले को निशाना बनाते हुए उसमें रखे करीब 60 हजार रुपए निकाल लिए।दुकानदार के अनुसार चोर केवल नकदी लेकर गए हैं। दुकान में रखा अन्य सामान सुरक्षित मिला और किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की गई। वारदात के दौरान इस्तेमाल किया गया सब्बल चोर मौके पर ही छोड़ गए, जिससे पुलिस को जांच में कुछ अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब एक बजे एक संदिग्ध व्यक्ति सब्बल लेकर आसपास घूमता दिखाई दिया था। उसे पास स्थित दूसरी दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास करते भी देखा गया था। सुबह होने पर निकट स्थित एक फर्टिलाइजर दुकान के ताले टूटे मिले। आशंका है कि चोर ने पहले फर्टिलाइजर दुकान में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर किराना दुकान को निशाना बनाया। घटना के बाद व्यापारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बाजार क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है। इधर, पुलिस ने व्यापारियों और आमजन से सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुकानों के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाना समय की जरूरत है। इससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ किसी भी वारदात की स्थिति में आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में आसानी होती है। पुलिस ने दुकानदारों को दुकान बंद करने से पहले सुरक्षा इंतजामों की जांच करने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी है। वहीं, पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




## ब्याज माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा कसने की तैयारी, एसपी बोले- अवैध वसूली करने वालों को नहीं बख्शेंगे

### शिकायतकर्ता की पहचान रहेगी गोपनीय; थाना, कंट्रोल रूम और एसपी कार्यालय में दर्ज करा सकेंगे शिकायत

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** जिले में ब्याज माफियाओं और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान चलाने जा रही है। बिना वैध लाइसेंस के अत्यधिक ब्याज पर धन उधार देना, उधारकर्ताओं को डरा-धमकाकर, मानसिक प्रताड़ना देकर अथवा दबाव बनाकर जबरन वसूली करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में ब्याज माफियाओं एवं अवैध रूप से ऋण वसूली करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति ऋण के नाम पर अनुचित ब्याज वसूल रहा है, धमकी दे रहा है, संपत्ति हड़पने का प्रयास कर रहा है अथवा किसी भी प्रकार की जबरदस्ती कर रहा है तो पीड़ित व्यक्ति या उसके परिजन तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि आमजन बिना किसी भय के अपनी शिकायत संबंधित थाना, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7300453344 अथवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट किया कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले, अवैध रूप से ब्याज का कारोबार करने वाले तथा लोगों का आर्थिक और मानसिक शोषण करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने की अपील करते हुए कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि मंत्री बोले- खेत बचाओ अभियान' को जनांदोलन बनाएं

FAIR REPORT

**जयपुर**

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने गुरुवार को पंत कृषि भवन में 'खेत बचाओ अभियान' (1 से 30 जून) और खरीफ-2026 उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी, संरक्षित पानी और जागरूक किसान ही समृद्ध राजस्थान की असली पहचान हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि इस अभियान को धरातल पर पूरी निष्ठा के साथ क्रियान्वित करते हुए जनांदोलन का स्वरूप दें। बैठक में प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अभियान के प्रथम तीन दिनों में प्रदेशभर में 2,382 कृषि गतिविधियां आयोजित कर 77,806 किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। इनमें 294 कृषक गोष्ठियां में 13,273 किसान लाभान्वित हुए एवं 184 संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता कार्यक्रम में 8,987 किसान सम्मिलित हुए। ग्रामीण अंचलों में 127 जनप्रतिनिधियों तथा 312 अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने रात्रि चौपालों के माध्यम से किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया। कृषि सखी, पशु सखी, लखपति दीदी एवं नमो ड्रोन दीदियों के माध्यम से जैविक एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग का संदेश घर-घर पहुँचाया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में खरीफ सीजन के लिए उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में सोसायटियों एवं डीलर्स के पास 8.27 लाख मीट्रिक टन उर्वरक स्टॉक है, जो गत वर्ष की तुलना में 84,166 मीट्रिक टन अधिक है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जून माह के लिए 4.70 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का अतिरिक्त आवंटन भी स्वीकृत किया जा चुका है। यूरिया के अवैध परिवहन एवं कालाबाजारी को रोकने के लिए राज्य की सीमाओं पर 61 चेकपोस्ट पूरी तरह सक्रिय हैं तथा नियम उल्लंघन पर तत्काल लाइसेंस निलंबन एवं जब्ती की कार्रवाई की जा रही है।

**किया जन-आह्वान:** कृषि मंत्री ने खेती से जुड़े जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे स्वेच्छा से अपनी कम से कम 25 प्रतिशत कृषि भूमि पर जीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट एवं हरी खाद आधारित प्राकृतिक खेती अपनाकर अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। उन्होंने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्म पौंड, मेड़बंदी तथा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया। इस दौरान आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल,आयुक्त उद्यानिकी श्वेता चौहान, निदेशक कृषि विपणन राजेश कुमार चौहान मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना की प्रगति की समीक्षा

FAIR REPORT

**जयपुर**

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में प्रदेश के 8 शहरों में 1150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है। इसके संचालन हेतु गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत राज्य के पात्र शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, विभिन्न वित्तीय अनुमोदन तथा संबंधित विभागों के मध्य समन्वय से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के लिए डिपो अवसंरचना के विकास, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना तथा 'बिहाइंड द मीटर पावर इंफ्रास्ट्रक्चर' के विकास संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को योजना से जुड़े कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्य के 8 शहरों को 1150 ई—बस आवंटित हुई हैं। जयपुर में 450, जोधपुर और बीकानेर में 125—125, अजमेर, अलवर और कोटा में 100—100, उदयपुर सीकर और भीलवाड़ा में 50—50 ई—बस संचालित की जानी हैं। बसों का ट्रायल हो चुका है, चार्जिंग स्टेशन समेत अन्य सुविधाओं का विकास तेज गति से किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान राजस्थान के आठ पात्र शहरों को प्राप्त होने वाली वित्तीय स्वीकृतियों एवं सहायता के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बस संचालन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शहरों में स्थित वर्तमान बस डिपो के नवीनीकरण एवं उन्नयन संबंधी प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। बैठक में परिवहन विभाग, वित्त विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, ऊर्जा विभाग तथा जेसीटीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से योजना का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ताकि राज्य के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक मेंनगरीय विकास एवं आवासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता, स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन भी मौजूद रहे।



## JJM घोटाला : सुबोध अग्रवाल के खिलाफ चालान किया पेश

**जयपुर।** एसीबी ने जल जीवन मिशन में 979.27 करोड़ के फर्जी टेंडर मामले में रिटायर्ड IAS अधिकारी सुबोध अग्रवाल के खिलाफ विशेष अदालत में चालान पेश कर दिया है। एसीबी की ओर से 17500 पेज का आरोप पत्र दाखिल किया है। एसीबी ने पूर्व मंत्री महेश जोशी, संजय बड़ाया और अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच अभी लंबित रखी है। डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में चालान पेश किया गया। जल जीवन मिशन में करीब 979.27 करोड़ की फर्जी डॉक्यूमेंट से टेंडर मामले मे एसीबी ने रिटायर्ड IAS सुबोध अग्रवाल को 9 अप्रैल को दिल्ली से अरेस्ट किया था। आरोपी सुबोध अग्रवाल से पूछताछ के बाद और डॉक्यूमेंट चार्ज के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया गया।

## सहकारी मॉडल आधारित बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा और कैब सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार

# जयपुर में भारत टैक्सी का ट्रायल शुरू, मिलेगी सस्ती सुविधा


FAIR REPORT

**जयपुर**

सहकारी परिवहन पहल को नई गति देते हुए भारत टैक्सी का गुरुवार से जयपुर में ट्रायल शुरू कर दिया गया है। अब जयपुर के नागरिक भारत टैक्सी की बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा और कैब सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि भारत टैक्सी का यह विस्तार स्मार्ट, समावेशी और टिकाऊ शहरी परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जयपुर के हजारों चालक पहले ही इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं, जो सहकारी मॉडल के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस पहल से जहां सारथियों के कल्याण को प्राथमिकता मिलेगी, वहीं यात्रियों को विश्वसनीय और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि नए ग्राहक ऐप के माध्यम से यात्रियों को सुलभ किराया, पीक आवर्स में भी शून्य सर्च प्राइसिंग, पारदर्शी व निश्चित दरें, एसओएस आपातकालीन सुविधा, स्थानीय व विश्वसनीय चालक और बेहतर ग्राहक सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे दैनिक आवागमन, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और शहरभर में यात्रा करना अधिक सुविधाजनक व सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि सहकारी सिद्धांतों पर आधारित यह पहल विश्व की सबसे बड़ी सहकारी मोबिलिटी पहल के रूप में उभर रही है। उन्होंने बताया कि जयपुर अब दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों के साथ इस बढ़ते सहकारी परिवहन नेटवर्क का हिस्सा बन गया है। जयपुर में अब तक लगभग 13 हजार सारथी भारत टैक्सी से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की भावना से प्रेरित यह पहल देश में जन-केंद्रित और समावेशी परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।




"भारत टैक्सी कस्टमर्स मोबाइल एप लॉन्च कर दिया गया है। यह भारत सरकार की कोऑपरेटिव मोबिलिटी पहल में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। जयपुर के भारत टैक्सी नेटवर्क में शामिल होने के साथ यह मूवमेंट बहुत तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें पूरे भारत में 6 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड गाड़ियां और 35 लाख से अधिक यूजर्स पहले से ही जुड़े हुए हैं। भारत टैक्सी अब दुनिया की सबसे बड़ी कोऑपरेटिव मोबिलिटी पहल के तौर पर उभर रही है।



— **कर्नल हिमांशु,** सीईओ, भारत टैक्सी

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किए केदारनाथ के दर्शन

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तराखंड प्रवास के दौरान गुरुवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर भगवान केदारनाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने राजस्थान सहित समस्त देशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि सनातन आस्था, तप, त्याग और आध्यात्मिकता का स्थल है, जहां पहुंचकर प्रत्येक श्रद्धालु को अद्भुत आत्मिक शांति एवं ऊर्जा का अनुभव होता है।



## पर्यावरण संरक्षण बने प्राथमिकता: बागडे

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता पर जोर दिया है।बागडे ने "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत अधिक छांव देने वाले और ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले बड़े पेड़ लगाने और उनकी सार संभाल किए जाने की अपील की है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए जल, जंगल और जमीन का संरक्षण किए जाने का आह्वान किया है।

## ब्रीफ खबरें

### फर्जी विकलांग बनकर नौकरी कर रहे थे दो टीचर, एक गिरफ्तार दूसरा फरार




**झालावाड़।** प्रदेश में सरकारी नौकरियों में दिव्यांग कोटे का लाभ लेने के नाम पर चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। झालावाड़ पुलिस ने फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के जरिए 12 साल से वरिष्ठ अध्यापक की नौकरी करने वाले एक आरोपी शिक्षक बनेसिंह को गिरफ्तार कर लिया। यह शिक्षक वर्तमान में बकानी ब्लॉक के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में लगा हुआ था। पुलिस को मिली गोपनीय शिकायतों के बाद एसओजी जयपुर की मदद से एक विशेष जांच शुरू की गई। बकानी स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक बनेसिंह की जांच की तो उसकी दिव्यांगता केवल 6 प्रतिशत पाई गई। वहीं मामले में शामिल दूसरे आरोपी शिक्षक योगेश कुमार की दिव्यांगता तो जांच में शून्य प्रतिशत निकली। इन परिणामों ने यह साफ कर दिया कि दोनों ने सरकारी सिस्टम को धोखा देकर नौकरी हासिल की थी। 3 जून को पुलिस ने मुख्य आरोपी बनेसिंह को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। मामले का दूसरा आरोपी योगेश कुमार फिलहाल फरार है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि यह केवल एक शुरुआत है। इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है।

### भिवाड़ी की फैक्ट्री में आग, दीवार फांदकर कर्मचारियों ने बचाई जान



**खैरथल-तिजारा।** जिले के भिवाड़ी स्थित यूआईटी औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक लोहे की चादर बनाने वाले प्लांट में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। जानकारी के अनुसार यूआईटी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अल्शोक एलएलपी कंपनी में आग लगने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आग की शुरुआत पड़ोस में स्थित एक कंपनी की छत पर रखे ऑयल टैंकर से हुई थी। टैंकर में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और इसकी लपटें पास स्थित अल्शोक एलएलपी कंपनी तक पहुंच गईं। इसके बाद पूरी फैक्ट्री में आग तेजी से फैल गई। समय रहते सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### बूंदी में शुरू हुआ पासपोर्ट सेवा केंद्र

**बूंदी।** नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने और प्रशासनिक सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए बूंदी में गुरुवार को मुख्य डाकघर परिसर में स्थापित डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का लोकार्पण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इस सुविधा के शुरू होने से पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए लोगों को अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा



कि बूंदी और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को अब पासपोर्ट बनवाने या संबंधित कार्यों के लिए दूसरे शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। यह केंद्र विद्यार्थियों, युवाओं, व्यापारियों, पेशेवरों और विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### आरएलपी का शक्ति प्रदर्शन, सीएम भजनलाल शर्मा का पुतला फूंका



**नागौर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने गुरुवार को महंगाई, किसानों की समस्याओं, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक तथा कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामलों के विरोध में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। आरएलपी के पूर्व विधायक नारायण बेनीवाल के नेतृत्व में सांसद हनुमान बेनीवाल के निवास से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सांसद आवास से लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पूर्व विधायक नारायण बेनीवाल ने कहा कि आरएलपी ने जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण, किसानों को फसलों का उचित मूल्य दिलाने, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने की भी मांग उठाई।

### स्कूल से मिड-डे मील का राशन चोरी

**भरतपुर।** डीग क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इकलहरा में चोरों ने बच्चों के निवाले पर ही डाका डाल दिया। अज्ञात चोर स्कूल के स्टोर रूम से मिड-डे मील का पूरा राशन चोरी कर ले गए। जानकारी के मुताबिक, रात में चोरों ने स्कूल के स्टोर रूम का ताला आरी से काट दिया। इसके बाद अंदर रखे 123 किलो चावल और 75 किलो गेहूं की बोरियां चोरी करके भाग गए। गुरुवार सुबह जब स्कूल स्टाफ पहुंचा, तो स्टोर



का टूटा ताला और गायब राशन देखकर उनके होश उड़ गए। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

धर्म परिवर्तन का आरोप : घटना की सूचना के बाद विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे

# दिल्ली से आकर अलवर में करता था प्रार्थना सभा, 25 अनुयायी बना लिए

FAIR REPORT

**अलवर**

शहर के अखेपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तंवर कॉलोनी के एक मकान में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगा है। घटना की सूचना के बाद विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रार्थना करवा रहे कथित व्यक्ति को पकड़ लिया। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और प्रार्थना सभा में आई महिलाएं वहां से निकल गईं। प्रार्थना सभा करवाने आए व्यक्ति ने खुद को दिल्ली निवासी बताया और करीब 8 साल से ज्यादा समय



तक अलवर आकर प्रार्थना सभा करवाने की बात कबूली। अभी तक इस कथित व्यक्ति के अलवर में 25 से ज्यादा लोग अनुयायी बन चुके हैं। मामले की सूचना लगते ही अखेपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कथित व्यक्ति को डिटेन कर पूछताछ के लिए थाना लेकर गई।

वहीं, अखेपुरा थाना प्रभारी महेश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक व मकान मालिक को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई। घटना के संबंध में अभी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा। प्रार्थना सभा में बैठी एक युवती ने बताया कि वह करीब 8 साल से इस व्यक्ति से जुड़ी हुई है और प्रार्थना सभा में हिस्सा लेती है। उसने बताया कि कुछ साल पहले प्रार्थना सभा बंद हुई थी, इसके बाद वापस शुरू हो गई।

### कथित व्यक्ति व मकान मालिक को पूछताछ के लिए थाने ले गई पुलिस

वहीं, विश्व हिंदू परिषद के संयोजक प्रेम सिंह राजावत ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि तंवर कॉलोनी के एक मकान में धर्म परिवर्तन का बड़ा खेल चल रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। इस दौरान जानकारी मिली कि दिल्ली का एक कथित व्यक्ति अलवर आकर एक मकान में प्रार्थना सभा के नाम पर जबरन धर्म परिवर्तन करवाता है। राजावत ने बताया कि जैसे ही हिंदू समाज के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, तो महिलाएं मकान से निकल गईं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना अखेपुरा थाना पुलिस को देकर मौके पर बुलाया गया। इसके बाद पुलिस कथित व्यक्ति व मकान मालिक को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई।

जीरो टॉलरेंस नीति : फरार आरोपी उस्मान खान ने चारागाह भूमि कर रखा था अवैध निर्माण

# ड्रग तस्कर के फार्महाउस पर चला बुलडोजर

FAIR REPORT

**प्रतापगढ़**

जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पटवार हल्का नौगांवा के ग्राम देवल्दी स्थित चारागाह पर बने अवैध फार्महाउस को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। जांच में सामने आया कि ड्रग तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी उस्मान खान ने सरकारी चारागाह भूमि पर यह फार्महाउस बनवाया था। फार्महाउस के निर्माण पर 66 लाख 83 हजार 603 रुपए खर्च किए गए थे, जबकि इसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ रुपए आंका गया है। प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाते हुए भूमि को मुक्त कराया।

जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में की गई आर्थिक जांच में पता चला कि आरोपी ने गांव देवल्दी में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से आवासीय पट्टे पर आलीशान मकान बनाया था। इसके अलावा उसके कब्जे में करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य का फार्महाउस, 18 लाख रुपए की स्कॉर्पियो और लगभग 30 लाख रुपए की फॉर्च्यूनर वाहन भी पाई गई। यह कार्रवाई ऐसे



समय की गई है जब एनडीपीएस एक्ट के एक बड़े मामले में आरोपी उस्मान खान और उसके परिजनों के नाम पर अर्जित लगभग 2 करोड़ 78 लाख रुपए की संपत्तियों को पहले ही फ्रीज किया जा चुका है।

स्वीकृति मिलने के बाद गत 13 अप्रेल को संबंधित संपत्तियों पर फ्रीजिंग नोटिस जारी कर दिए गए थे। संपत्तियों की जांच के दौरान प्रशासन को पता चला कि ग्राम देवल्दी की चारागाह आराजी नम्बर 17 पर बना फार्महाउस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्मित किया गया है। इसके बाद तहसीलदार के आदेश पर राजस्व विभाग, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

### आरोपी के पास आय का कोई वैध स्रोत नहीं

पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपी के पास कोई वैध आय का स्रोत नहीं होने के बावजूद उसने करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित कर ली थी। दरअसल, अरनोद थाना क्षेत्र में इस साल 21 फरवरी को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार नारायण लाल मीणा को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 2 किलो 708.6 ग्राम ब्राउन शुगर और 1 किलो 723.2 ग्राम केमिकल बरामद किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि बरामद मादक पदार्थ आरोपी उस्मान खान द्वारा सप्लाई के लिए भेजा गया था। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही वह फरार हो गया। न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### करीब 80 लाख रुपए के घोड़े और भैंसें

जांच में यह भी सामने आया कि उसने 5 मारवाड़ी एवं काठियावाड़ी नस्ल के घोड़े और 10 मूर्रा नस्ल की भैंसें खरीद रखी थीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपए है। पुलिस जांच के अनुसार आरोपी और उसके परिजनों के नाम पर अर्जित कुल संपत्ति का मूल्य लगभग 2 करोड़ 78 लाख रुपए पाया गया।

### हिस्ट्रीशीटर की 1.13 करोड़ की बेनामी संपत्ति फ्रीज

**नागौर।** खींवसर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात तस्कर एवं हिस्ट्रीशीटर भोपालराम विश्नोई की करीब 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपए मूल्य की बेनामी संपत्तियों को फ्रीज करवाया। कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत की गई है, जिसे सक्षम प्राधिकारी दिल्ली द्वारा भी पुष्टि प्रदान की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी के निर्देशन एवं आईपीएस अधिकारी जतिन जैन के सुपरविजन में खींवसर पुलिस ने यह कार्रवाई अंजाम दी। जांच में सामने आया कि आरोपी भोपालराम विश्नोई वर्ष 2020 से अवैध डोडा पोस्त तस्करी के जरिए करोड़ों रुपए की काली कमाई अर्जित कर रहा था। इसी अवैध कमाई से उसने गांव पांचलासिद्धा में दो आलीशान मकान, निर्माणाधीन दुकान कॉम्पलेक्स, बीकानेर-नाल हाईवे पर बेशकीमती जमीन तथा चार वाहन खरीद रखे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने संपत्तियां अपने पिता, भाई, पत्नी और सालों के नाम पर बेनामी तरीके से खरीद रखी थीं।

### लाडली की विदाई से पहले पिता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**भीलवाड़ा।** जिले के बागोर थाना क्षेत्र की लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी में बुधवार देर रात बेटी की शादी की खुशियों के बीच एक पिता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आगामी 8 तारीख को होने वाली शादी के कार्यक्रम स्थल (वेन्यू) को लेकर मृतक विनोद (45) का अपने भतीजे और पड़ोसियों से विवाद हो गया था। विनोद शादी आंमली कॉलोनी में करना चाहता था, जबकि परिजन लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी पर अड़े थे। यह विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने विनोद के सिर पर कुल्हाड़ी और लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना की सूचना पर डीएसपी राहुल जोशी और बागोर थाना प्रभारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। घायल विनोद को तुरंत बागोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चिकित्सा अधिकारी के छुट्टी पर होने के कारण वहां कोई डॉक्टर नहीं मिला। इसके बाद उन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी (एमजी) अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को राउंडअप (डिटेन) कर लिया है।

## तांत्रिक-क्रिया के नाम पर रिश्तेदारों ने ठगे 26 लाख, 26 तोला सोना भी हड़पा

FAIR REPORT

**जोधपुर**

शहर के बासनी थाना इलाके में एक मोबाइल दुकानदार को उसकी पत्नी की बीमारी ठीक करने का झांसा देकर सगे रिश्तेदारों ने ही तांत्रिक क्रिया के नाम पर 26 लाख नकद और 26 तोला सोना ठग लिया। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को व्हाट्सएप पर धमकियां देना शुरू कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सगे बहनोई, बहन और दो भांजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बासनी द्वितीय फेज कृष्ण मंदिर के पास के रहने वाले पीड़ित घनश्याम कुमार (39) ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उनकी पत्नी के गले में गांठ हो गई थी, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था। इसी दौरान उनके सगे जीजा राजकुमार बोरावड, बहन लीला और भांजे महेश व अरुण घर आए।

आरोपियों ने पीड़ित को डराया कि यह डॉक्टरी बीमारी नहीं बल्कि ऊपरी चक्कर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी जान-पहचान में एक बड़ा तांत्रिक है, जो तंत्र-मंत्र से इसे पूरी तरह ठीक कर देगा। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी को डराना-धमकाना शुरू किया और कहा कि गहने-पैसे पूजा में रखने होंगे, तभी बीमारी कटेगी।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने पिछले डेढ़ साल में पीड़ित परिवार को बुरी तरह डराकर अपनी बातों में फंसाए रखा और कुल 26 लाख रुपए नकद और 26 तोला सोना हड़प लिया।

### 48 नर्सिंग कर्मियों को नौकरी से निकाला, धरना शुरू

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी अस्पताल में मेवाड़ प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 48 नर्सिंग कर्मचारियों की सेवाएं गुरुवार को अचानक समाप्त कर दी गईं। बिना किसी पूर्व सूचना के नौकरी से निकाले जाने के विरोध में आक्रोशित कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर के बाहर बेमियादी धरना शुरू कर दिया। नर्सिंग स्टाफ के प्रतिनिधि राम ने बताया कि सभी कर्मचारी रोजाना की तरह ड्यूटी पर पहुंचे थे, जहां उन्हें इस तानाशाहीपूर्ण निर्णय का पता चला। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि अस्पताल में खाली पड़े पदों पर उन्हें समायोजित कर सेवाएं बहाल की जाएं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## भूमाफिया के मकान ढहाए, 150 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

FAIR REPORT

**उदयपुर**

शहर के पास डांगियों की पंचोली गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए गए निर्माणों को यूडीए की टीम ने ध्वस्त कर दिया। उदयपुर में भूमाफियाओं के अवैध मकान और बाउंड्रीवॉल पर बुलडोजर चला। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने डांगियों की पंचोली क्षेत्र में करीब 150 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। कमिश्नर अभिषेक खन्ना ने बताया- यूडीए ने पहले भी कई बार यहां काम रुकवाया था, लेकिन भूमाफिया सरकारी छुट्टियों के दिनों का फायदा उठाकर लगातार निर्माण करते रहे। गुरुवार को इन सभी अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया। यूडीए अधिकारियों ने



बताया- दलालों और भूमाफियाओं ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण शुरू किया था। शुरुआत में इन निर्माणों को रोक दिया गया था, लेकिन सरकारी छुट्टियों के दौरान चोरी-छिपे काम जारी रखने की सूचना मिली। इस पर प्राधिकरण ने उदयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम-2023 के तहत नोटिस जारी कर संबंधित लोगों को अपनी बात रखने का मौका दिया। सुनवाई के दौरान निर्माण करने वाले लोग जमीन के मालिकाना हक से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज (कागज) पेश नहीं कर पाए। इसके बाद नियम के अनुसार अतिक्रमण हटाने का फैसला लिया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 15 से 20 पक्की बाउंड्रीवॉल (चारदीवारी), कुछ निर्माणाधीन मकान और कच्चे छप्पर/दीवारों सहित कई तरह के अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया।

आक्रोश : अपनी-अपनी मांगों के समर्थन में अड़े, मांगें पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# डीएनटी समुदाय का जेल भरो आंदोलन, रैली निकाल कर दी गिरफ्तारियां

FAIR REPORT

**डूंगरपुर**

डीएनटी (विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू) समुदाय को 10 प्रतिशत अलग से आरक्षण और राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 'जेल भरो आंदोलन' के तहत जिले में राष्ट्रीय पशुपालक संघ और डीएनटी संघर्ष समिति की ओर से शहर में रैली निकाली गई। वहीं कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद डीएनटी की मांगों को कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन दिया गया। इसके बाद संघर्ष समिति सदस्यों ने सांकेतिक गिरफ्तारियां दी।

राष्ट्रीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी राईका के नेतृत्व में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय के लोग अपनी मांगों को लेकर वागड़ गांधी वाटिका पर



एकत्रित हुए। वहीं से अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी राईका ने बताया कि 5 दिसंबर, 2025 को सरकार के समक्ष इन मांगों को लेकर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया था। उस समय सरकार ने मांगों को जायज ठहराते हुए निर्णय लेने के लिए 3 महीने का समय मांगा था। आंदोलनकारियों का आरोप है कि इस बात को अब 4 से 5 महीने का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। जिसके बाद राष्ट्रीय पशुपालक संघ और डीएनटी संघर्ष समिति का गठन करते हुए आन्दोलन शुरू किया गया है।

### जयपुर में महापड़ाव की चेतावनी

राष्ट्रीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी राईका ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगे हैं। जिसमें रेनके आयोग, इदाते आयोग और सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों के आधार पर डीएनटी समुदाय के लिए 10 प्रतिशत अलग से आरक्षण की व्यवस्था करना, विधायिका और कानून बनाने वाली संस्थाओं में ओबीसी, डीएनटी और एससी-एसटी वर्ग के वंचित तबकों को उचित राजनीतिक आरक्षण देने और जो व्यक्ति जहां लंबे समय से निवास कर रहा है, उसे वहीं का भूमि पट्टा आवंटित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि आन्दोलन के तहत आगामी 1 जुलाई को राजधानी जयपुर में एक विशाल महापड़ाव डाला जाएगा। इस महापड़ाव में प्रदेशभर से 1 लाख से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। समाज के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो जयपुर की धरती पर बड़ा आंदोलन होगा।

### शव यात्रा निकालकर ठेकेदार का पुतला फूंका

**अजमेर।** नगर निगम में कार्यरत 2250 अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रही। मानदेय बढ़ाने और भविष्य निधि (पीएफ) की बकाया राशि जमा कराने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग से गांधी भवन तक ठेकेदार की शव यात्रा निकाली और पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है।

VISION INDIA
FAIR REPORT 04

# MORE THAN 54 KG OF NARCOTICS SEIZED, CONSIGNMENT WAS HIDDEN IN ONION SACKS AND TIFFIN BOXES

**Two major actions under Operation Trinetra by Kanera and Sadar Nimbahera Police; 24.77 kg opium and 30.10 kg opium doda chura recovered, three accused including two smugglers from Punjab arrested**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Police achieved a major success under Operation Trinetra, which is being carried out against drug trafficking in the district. Kanera and Sadar Nimbahera police conducted separate operations and recovered 24 kg 770 grams of illegal opium and 30 kg 100 grams of opium doda chura. A total of three accused were arrested in the two cases, and a truck used for smuggling was also seized. Superintendent of Police Dharmendra Singh Yadav said that a special campaign is being conducted against the storage and transportation of narcotic substances on the directions of Udaipur Range Inspector General of Police Gaurav Srivastava. The action was taken as part of this campaign.




**24.77 kg opium recovered from houses in Kanera**

Under the supervision of ASP Mukul Sharma and DSP Nimbahera Badrilal, Kanera Police, with the help of the District Special Branch and Udaipur Dog Squad, conducted raids at two different locations in Bangheda Ghata village. In the first action, the house of Kailash alias Manmal alias Manalal Dhakad was searched. Police recovered 16 kg 170 grams of illegal opium from seven plastic packets kept inside three steel tiffin boxes.

In the second action, police searched the house of Dalchand Dhakad near the bus stand. During the search, 8 kg 600 grams of illegal opium was recovered from four plastic packets kept inside a blue plastic drum. The house owner, Dalchand Dhakad (41), was arrested. Investigation in both cases is continuing.

Doda chura hidden under onion sacks in truck

Meanwhile, Sadar Nimbahera Police stopped a Punjab-registered truck during checking near Wonder Puliya on the highway. During the search, police found 30 kg 100 grams of illegal opium doda chura hidden inside two plastic sacks placed beneath onion sacks loaded in the truck. Police seized the contraband and the truck and arrested two smugglers from Punjab. The arrested accused were identified as Bagga Singh (47), a resident of Jalandhar, and Indradeet Teji (37), also a resident of Jalandhar, Punjab.

**Teams involved in the action**

The Kanera Police operation was carried out by SI Ramlal Meena, SI Kanhaiyalal, ASI Balmukund, Prakash Chandra, other police personnel, the District Special Branch, and the Dog Squad team. The Sadar Nimbahera Police operation was conducted by SI Amritlal Meena, ASI Sunderpal, Prahlad Singh, and other police personnel. According to the police, cases have been registered under the NDPS Act in both matters, and investigation is underway to trace the source of the narcotics and the smuggling network.

## Villagers Accuse UltraTech of High-Handedness, Claim Years-Old Possessions Are Being Taken Away Under Pressure

**Villagers allege blasting is causing cracks in houses and weakening foundations; submit memorandum demanding immediate action**

FAIR REPORT

Chittorgarh- Anger against the UltraTech Cement Plant located in Sawa-Shambhupura came to the fore on Thursday as villagers from Rail Ka Amarana and nearby areas staged a protest at the Collectorate. Raising slogans against the company administration, they submitted a memorandum to the District Collector demanding a halt to blasting activities in the mining area and an immediate stop to action being taken against their long-standing land possessions. The villagers



alleged that continuous blasting in UltraTech's mining area is affecting nearby villages. According to them, cracks have started appearing in the walls of several houses in Rail Ka Amarana and other villages located near the mining zone. They also expressed concern that the foundations of their homes are becoming weak and warned that continued blasting could lead to serious damage in the future. The protesters further alleged that despite opposition from residents, company officials visit the villages along with revenue and police personnel and put pressure on them to remove boundary enclosures that have been under their possession for generations. They claimed that these enclosures have been used by their families for decades and that repeated warnings of removal have created fear among villagers. During the protest, villagers said they fear that action could be taken at any time to remove their enclosures. They urged the administration to intervene and provide relief. Led by advocates Jaswant Singh Rathore and Ratnesh Damami, the villagers submitted a memorandum to Additional District Collector Dinesh Chandra Dhakad. The ADC listened to their grievances and assured them that the matter would be examined and action would be taken as per rules. Later, the villagers also reached the Tehsil office, where they again raised slogans against the company administration and submitted their demands. The villagers warned that if their demands are not addressed soon, they will intensify their protest and launch a larger movement.

**Opium Seized in Bassi, Doda Chura Recovered in Chanderiya; ANTF Nabs Two Drug Peddlers**

**Chittorgarh-**The Anti-Narcotics Task Force (ANTF), as part of its ongoing campaign against drug trafficking across the state, carried out two separate operations in Chittorgarh district and recovered a total of 6.815 kg of illegal narcotic substances. One accused was arrested with opium, while another was arrested with Doda Chura. A car used in the crime was also seized. ANTF Inspector General of Police Vikas Kumar said that the operations were conducted under the guidance of Additional Director General of Police Dinesh M.N. as part of the state's continuous drive against drug smugglers. In the first operation, ANTF received information that a man was sitting in a suspicious manner on the Nagri Main Road in the Bassi police station area and could be carrying narcotic substances.

## BRITISH MP SUES ELON MUSK'S xAI, SAYS GROK GENERATED FAKE BIKINI IMAGES OF HER WITHOUT CONSENT

**Labour parliamentarian Jess Asato moves High Court, seeks damages for grave privacy violation; incident dates to January**

FAIR REPORT

**LONDON:** In a landmark legal challenge that strikes at the heart of artificial intelligence accountability, British Labour MP Jess Asato has filed a High Court lawsuit against Elon Musk's AI company xAI, alleging that its chatbot Grok generated fabricated, sexualised images of her without her knowledge or consent.

Asato, a sitting member of the ruling Labour Party, states that the deepfake images — depicting her in a bikini — were created using Grok's AI image generation capabilities.



The incident, she confirms, occurred in January this year, and she has since pursued legal redress, demanding financial damages for what she describes as a profound violation of her personal privacy and dignity.

The case arrives at a moment of intensifying global scrutiny over generative AI tools and their capacity to produce non-consensual intimate imagery — a form of abuse that disproportionately targets women, and particularly women in public life.

For Musk, whose tumultuous relationship with regulatory frameworks has defined much of his recent public profile, the lawsuit represents yet another legal and reputational pressure point. xAI's Grok has previously drawn controversy over its content moderation boundaries.

Asato's decision to litigate rather than merely condemn sends a pointed message: that parliamentary status offers no immunity from AI-enabled harassment, and that the courts — not just public outrage — must now reckon with the technology's darkest applications.

**IIT ROORKEE HOLDS FIRM ON 75% BOARD MARKS CRITERIA AMID CBSE MARKING ROW, SAYS RELAXATION 'IMPOSSIBLE'**

**ROORKEE:** Even as a widening controversy over the Central Board of Secondary Education's 'on-screen marking' system and re-evaluation practices continues to roil the academic establishment, IIT Roorkee — the conducting body for JEE Advanced 2026 — has firmly shut the door on any relaxation of the mandatory 75 per cent marks criterion for admission eligibility.

The institute's unambiguous stance comes at a particularly sensitive moment, with students and parents already rattled by the CBSE marking dispute that has cast a shadow of uncertainty over board results this year. For aspirants who may have fallen marginally short of the 75 per cent threshold due to the scoring irregularities at the centre of the controversy, IIT Roorkee's position offers little comfort. Justifying its refusal, the institute stated that students from as many as 36 different school boards participate in the JEE process — making any unilateral reduction in the eligibility bar logistically and academically untenable.

## Two Convicts Get 20 Years Jail in Minor Kidnapping and Rape Case

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Judge Shahnaz Parveen of the Special POCSO Court-2 has sentenced two accused to 20 years of rigorous imprisonment each and imposed a total fine of Rs 6.80 lakh in a minor kidnapping and rape case that was around two years old. A notable aspect of the case was that the police had initially filed a chargesheet against only one accused, but during the trial, the court found sufficient evidence against a second accused and also convicted him. Special Public Prosecutor Shivraj Singh and the victim's counsel Gulsher Ali Saiyed said that on May 8, 2024, a man lodged a complaint at Bhadesar police station alleging that his minor daughter, a Class 8 student, had been kidnapped while going to school. During the investigation, then SHO Ravindra Sen arrested Shubham Mali, son of Bharmal Mali, a resident of Kannauj under Bhadesar police station limits, and filed a chargesheet against him. During the trial, Special Public Prosecutor Shivraj Singh and advocates Gulsher Ali Saiyed and Yasmeen Sheikh represented the victim. Based on the evidence and documents available on record, the court found a prima facie case against Mukesh Acharya, son of Jagdish Acharya, also a resident of Kannauj, and framed charges against him as well. The prosecution presented 18 witnesses, 39 documents and two articles before the court. After examining the evidence and witness statements, the court held both accused guilty of kidnapping and rape. The court sentenced both accused to five years of rigorous imprisonment and a fine of Rs 20,000 each under Section 363. In addition, Shubham Mali was sentenced under Section 366, while Mukesh Acharya was sentenced under Section 366A, with both receiving five years of rigorous imprisonment and a fine of Rs 20,000.

## ₹52 CRORE JACKPOT, BUT HIS FIRST THOUGHT WAS A FRIEND IN A COMA: KERALA EXPAT'S INCREDIBLE STORY MELTS HEARTS

FAIR REPORT

**Kochi/Manama :** In a stunning rags-to-riches moment that has captivated Indians across the Gulf and beyond, a Kerala-origin expatriate living in Bahrain has struck gold, winning a staggering 52 crore (AED 20 million) in the latest Abu Dhabi Big Ticket draw.

But while lottery winners often dream of luxury cars, mansions and exotic holidays, Krishnakumar Shyamala Ravindran's first thought was of a friend fighting for life.

The 23-year Bahrain resident purchased the lucky ticket just six days before the draw, never imagining that a spontaneous decision would transform his future overnight. Moments after learning of the life-changing win, Ravindran revealed that a substantial portion of the prize money would be used to support a close friend who has remained in a coma following a devastating accident.

The extraordinary gesture has triggered an outpouring of admiration across social media, with many calling him "the real winner" and a symbol of humanity in an increasingly materialistic world.

For seven years, Ravindran quietly participated in the Big Ticket lottery, joining millions of expatriate workers across the Gulf who pursue their dreams while supporting families back home. His perseverance finally paid off in spectacular fashion.

Yet it is not the size of the jackpot that is making headlines worldwide—it is the size of his heart.

As news of the win spread, members of the Indian diaspora hailed the story as a powerful reminder that wealth gains true meaning when used to uplift others.

From a routine lottery purchase to a 52-crore windfall, Ravindran's journey is now inspiring millions. In an age obsessed with personal success, his first instinct was compassion.

And that may be worth far more than the jackpot itself.

## Drug Smuggler's Assets Worth Rs 50 Lakh Frozen; Land, House and Two Vehicles Seized

**Major action by Parsoli Police under Operation Trinetra; permanent approval received from Delhi authorities in NDPS cases**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Under Operation Trinetra, being carried out against drug traffickers, Parsoli Police has frozen assets worth around Rs 50 lakh belonging to an accused involved in NDPS cases. The action includes agricultural land, a residential house and two vehicles. The action was carried out under the directions of Superintendent of Police Dharmendra Singh Yadav, Additional SP (Rawatbhata) Bhagwat Singh Hingad and Begun DSP Anjali Singh. Police investigated the properties of Kamlesh Gurjar (29), a resident of Luhariya village in the Parsoli police station area. According to police, NDPS Act cases were registered against Kamlesh Gurjar in Nagana Police Station, Barmer district in 2024 and at Parsoli Police Station in 2026. During the investigation, police found that he had allegedly acquired assets through money earned from illegal narcotics trade. Police then sent a proposal to the Competent Authority and Administrator, SAFEM (FOPA) NDPS Act, New Delhi, seeking freezing of his properties. The proposal included agricultural land in Itawa Patwar Circle, a residential house in Luhariya village, a Mahindra Scorpio-N and a Renault Kwid car. After hearing the matter, the competent authority approved the permanent freezing of the assets. Following the order, the land, house and both vehicles were officially frozen. Police said the total value of the frozen assets is approximately Rs 50 lakh. Officials added that under Operation Trinetra, the focus is not only on arresting drug traffickers but also on taking action against properties purchased through illegal earnings, in order to weaken the financial network of narcotics trade.



Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**